# खेल से अनुशासन की भावना आती है : मुख्यमंत्री

▸ नानाखेड़ा में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के हॉकी सिन्थेटिक टर्फ का भूमिपूजन

**भोपाल, 7 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान महाकालेश्वर और गोपाल कृष्ण की हम सभी पर विशेष कृपा है. उनके आशीर्वाद से आज उज्जैन और पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों को सौगात मिलने जा रही है.**

उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में निरंतर उज्जैन में विकास के कार्य हो रहे है. खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम है. खेल अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को उज्जैन में स्व. राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर नानाखेडा स्टेडियम परिसर में 48.71 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सिन्थेटिक हॉकी टर्फ और पवेलियन दर्शक दीर्घा के निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है. जिलों में नए स्टेडियम, खेल परिसर एवं प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास किया जा रहा है.



## मुख्यमंत्री आज करीला मेले में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को अशोकनगर जिले के ग्राम करीला में रंगपंचमी पर आयोजित होने वाले मेले में शामिल होंगे. मुख्यमंत्री इस अवसर पर माता जानकी के दर्शन कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे. ग्राम करीला में प्रतिवर्ष रंगपंचमी पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है. इस वर्ष यह मेला 7 से 9 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है. मेले में लगभग 20 लाख श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गये हैं.

## ममता सरकार जनजातीय गौरव की विरोधी : अभाविप

**भोपाल, 7 मार्च.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान संथाल समाज द्वारा आयोजित '9 वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कांफ्रेंस' में व्यवस्थागत प्रशासनिक खामियों और राष्ट्रपति की गरिमा अनुसार स्थान न उपलब्ध कराने की कड़े शब्दों में निंदा की है. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की अंतरात्मा पर यह गहरी चोट है. ममता सरकार का महिला विरोधी और तानाशाही रवैया किसी से छिपा नहीं है.

# ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति पद का किया अपमान : मुख्यमंत्री



**भोपाल 7 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा जो अमर्यादित व्यवहार किया गया है जो निंदनीय है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र के सर्वोच्च और प्रतिष्ठित राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और ऐसे समय में जब राष्ट्रपति उनके राज्य के दौरे पर हैं, तब उनको राष्ट्र के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्तित्व की गरिमा का पूरा ध्यान रखना चाहिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे हालात बनाना, जिसमें दुनिया में हमारे राष्ट्रपति के पद का अपमान होता हो, यह किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता. मैं इसकी कटु शब्दों में निंदा करता हूं. । आश्चर्य की बात यह है कि इसको हल्की राजनीति का हिस्सा बनाते हुए स्थानीय और दलीय राजनीति में घसीटने का कृत्य भी हुआ है जो घृणित मानसिकता का उदाहरण है। मैं इसकी निंदा करता हूं. इसके लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को माफी मांगना चाहिए.

# महापौर निधि का प्रावधान खत्म

▸ पिछले साल निगम बजट में 10 करोड़ रुपए महापौर निधि का था प्रावधान

▸ उपसचिव के पत्र से मचा नगर निगमों में हड़कंप

**इंदौर, 7 मार्च. प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश के सभी नगर निगमों में महापौर निधि का प्रावधान खत्म कर दिया है.उक्त महापौर निधि को खत्म करने के लिए नगर पालिका अधिनियम 1956 और 2018 का हवाला देकर बताया है कि ऐसा बजट में प्रावधान करने नियम ही नहीं है.**

राज्य सरकार ने सभी नगर पालिकाओं को आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में महापौर निधि की राशि नहीं रखने का पत्र जारी किया है. राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग उप सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला ने नगर निगमों में बजट में महापौर निधि का प्रावधान नही करने का पत्र जारी कर भाजपा और राजनीतिक क्षेत्रों में भूचाल ला दिया है.

उप सचिव शुक्ला ने नगर पालिका अधिनियम 1956 के अध्याय 7 और नगर पालिका विधान 2018 का हवाला देते हुए प्रदेश की सभा नगर निगम और नगर पालिकाओं को निर्देश दिए हैं कि आगामी 2026 - 27 के बजट में महापौर निधि की राशि का अलग से प्रावधान नहीं किया जाए.

> उपसचिव के उक्त पत्र से प्रदेश के खासकर भाजपा शासित नगर निगमों में भारी हड़कंप मच गया है। हड़कंप इसलिए मच गया है कि करीब सवा साल बाद नगर निगम के चुनाव है और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस उक्त मामले को मुद्दा बना कर भाजपा के खिलाफ प्रचार करेगी। ध्यान रहे कि इंदौर नगर निगम में पिछले साल बजट में 10 करोड़ रुपए महापौर निधि का प्रावधान किया गया था। उक्त महापौर निधि का उपयोग महापौर अपने स्वविवेक से अत्यावश्यक कार्यों को तुरंत करवाने के लिए उपयोग करते थे। अब यह व्यवस्था पूरे प्रदेश में बंद करने के आदेश जारी हो गए है.

## एम्स में नेत्रदान से दो मरीजों को मिली नई दृष्टि

**भोपाल, 7 मार्च.** एम्स भोपाल में हॉस्पिटल कॉर्निया रिट्रीवल प्रोग्राम के माध्यम से हुए नेत्रदान से दो मरीजों को नई दृष्टि मिली है. एम्स भोपाल के नेत्र बैंक और नेत्र रोग विभाग ने सफल उपचार कर दो ऐसे मरीजों को दृष्टि प्रदान की, जो लंबे समय से अंधकारमय जीवन जी रहे थे.

पहला मामला 51 वर्षीय मरीज का है, जिसने छह वर्ष पूर्व गिटार के तार से लगी चोट के कारण अपनी आंख की पुतली गंवा दी थी. उन्हें पहले से ही एक आंख से कम दिखाई देता था और दूसरी आंख में चोट लगने के बाद उनका जीवन अत्यंत कठिन हो गया था. वह अपने परिवार के साथ होली मनाने की उम्मीद तक छोड़ चुके थे.

# बालिकाओं को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

गोविंदपुरा थाने का किया भ्रमण

**भोपाल, 7 मार्च. पुलिस व्यवस्था, कानूनी प्रक्रियाओं और बाल संरक्षण से जुड़े प्रावधानों की जानकारी देने के उद्देश्य से भोपाल के गोविंदपुरा थाना में लगभग 70 महिलाओं और किशोरी बालिकाओं के लिए एक्सपोज़र विजिट का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम निवसीड-बचपन संस्था और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया.**



कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए पुलिस थाने की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों, बाल संरक्षण के प्रावधानों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा आपात स्थिति में पुलिस से सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में समझाया. उन्होंने आश्वस्त किया कि थाने में आने वाली हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाता है और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाती है.

> हेड कॉन्स्टेबल मुकेश यादव और ऊर्जा डेस्क प्रभारी रश्मि पटेल ने प्रतिभागियों को थाने के विभिन्न कक्षों-शिकायत कक्ष, रिकॉर्ड रूम और पूछताछ कक्ष-का भ्रमण कराया. कार्यक्रम के दौरान संवाद सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें महिलाओं और किशोरी बालिकाओं ने विभिन्न प्रश्न पूछे और पुलिस अधिकारियों से प्रक्रियाओं से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की. इस पहल से महिलाओं और बालिकाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिली.

# आरएनटीयू में महिला उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह आयोजित

**भोपाल, 7 मार्च. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), भोपाल के महिला विकास प्रकोष्ठ द्वारा मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग एवं सम्मान (एसवीडी) एनजीओ के सहयोग से सम्मान भवन में 8वां महिला उत्कृष्टता पुरस्कार 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. संगीता जौहरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्य सचिव सुरेश तोमर एवं फ्र. साइमन जेम्स, निदेशक - सम्मान (एसवीडी) एवं सहायक निदेशक फ्र. इमैनुएल वर्गीज उपस्थित रहे. कार्यक्रम में डॉ. नैश जमीयर, अध्यक्ष महिला विकास प्रकोष्ठ तथा डॉ. किरण मिश्रा, सचिव महिला विकास प्रकोष्ठ भी उपस्थित रहीं. इस दौरान महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले एनजीओ कार्यकर्ताओं एवं सामुदायिक नेताओं को 8वां महिला उत्कृष्टता पुरस्कार 2026 प्रदान कर सम्मानित किया गया.

# भाजपा सोशल मीडिया विभाग के संभाग प्रभारी घोषित

**भोपाल, 07 मार्च.** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी ने सभी तेरह संभागों के प्रभारी और सह प्रभारियों की नियुक्ति शनिवार को कर दी. मुख्यमंत्री के क्षेत्र उज्जैन संभाग में संभाग प्रभारी आशुतोष राठौर और सह संभाग प्रभारी अभि जाट को बनाया गया है. छिंदवाड़ा संभाग प्रभारी आदित्य शर्मा को बनाया गया है. इसके अलावा जबलपुर में प्रभारी अमन शर्मा, सह प्रभारी अर्पण मैद, सागर में प्रभारी अंशुल सिंह परिहार, सह प्रभारी प्रतीक सराठे, ग्वालियर में प्रभारी विवेक शर्मा, सह प्रभारी आदित्य पवैया और चंबल में प्रभारी आयुष सुरेश शर्मा तथा सह प्रभारी मोनू नरवरिया नियुक्त किए गए हैं. विंध्य अंचल के रीवा में प्रभारी राजीव सिंह, सह प्रभारी जितेंद्र तिवारी, शहडोल में अंशुमाली शुक्ला, सह प्रभारी दीपक मौर्य, नर्मदापुरम में प्रभारी एस सुजीत कुमार, भोपाल में प्रभारी मधुर शर्मा और सह प्रभारी आयुष साहू बने हैं .इंदौर में अंकित परमार प्रभारी, दीपक बागवान सह प्रभारी, निवाड़ में भूपेंद्र राठौर प्रभारी और श्रीमती प्रियंका चौहान सह प्रभारी तथा मंदसौर में संयम जैन प्रभारी और दिव्यांश सुराना सह प्रभारी की जिम्मेदारी निभाएंगे.

## मुख्यमंत्री के प्रयासों से स्वदेश लौटे जैन परिवार ने जताया आभार

**भोपाल.** ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के दौरान उज्जैन से शारजाह गया जैन परिवार भी फंस गया था.इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से संपर्क करने के बाद मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से यह परिवार सकुशल उज्जैन लौट पाया. शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उज्जैन आगमन पर जैन परिवार के सदस्यों ने वीवी आईपी गेस्ट हाउस पर डॉ. यादव का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया. उज्जैन निवासी अशोक तल्लेरा (जैन) परिवार के सदस्यों पत्नी संगीता तल्लेरा, बेटा श्रेयांस, बहू अंजली और 02 वर्षीय बालिका के साथ 23 फरवरी को इंदौर से शारजाह गए थे.

# अधिवक्ताओं ने रंग-गुलाल लगाकर खेली होली




▸ कोशिश लीगल अवेयरनेस सोसायटी का होली मिलन समारोह

**बैरसिया, 7 मार्च. कोशिश लीगल अवेयरनेस सोसायटी के भोपाल जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं वरिष्ठ एडवोकेट अब्दुल हनीफ खान ने शुक्रवार को न्यायालय परिसर स्थित स्वर्ण जयंती सभागृह में होली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया.** कार्यक्रम में सिविल जज अजीत दुबे , जज रंजना डोडवे एवं जज अपर्णा सोनी सहित जितेंद्र भटनागर अध्यक्ष अभिभाषक संघ सहित अधिवक्ताओं की उपस्थिति में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में प्रेक्टिस करने वाले बैरसिया के अधिवक्ताओं का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया.

> इनमें शुभांशु गुप्ता, सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली तथा प्रदुगन सक्सेना जबलपुर में प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ता शामिल हैं. इनके सम्मान उपरांत अधिवक्ताओं ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सुभाषचंद्र जैन, अनार सिंह चौहान, सुनील विश्वकर्मा, मो. हनीफ इलाही, जितेंद्र भटनागर आदि ने सम्बोधित किया. कार्यक्रम का संचालन अब्दुल हनीफ खान एवं आभार व्यक्त शोभित पराशर द्वारा किया गया.

# नरवाई जलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

प्रशासन ने नियम तोड़ने वालों को दी चेतावनी

**बैरसिया, 7 मार्च. फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए एसडीएम आशुतोष शर्मा ने सख्ती बढ़ा दी है. एसडीएम ने तहसीलदार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पदम सिंह गोयल सहित कृषि विभाग के कर्मचारियों की बैठक में सख्त निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में नरवाई जलाने वालों पर कड़ी नजर रखें.**

उन्होंने हार्वेस्टर संचालकों को भी चेतावनी दी है कि वे हार्वेस्टर के साथ भूसा मशीन चलाएं. ताकि खेतो में बचे फसल अवशेषों से अधिक मात्रा में भूसा तैयार किया जा सके और नरवाई जलाने की जरूरत ही न पड़े.

कृषि विकास अधिकारी गोयल ने कहा है कि हार्वेस्टर संचालक और कृषि विस्तार अधिकारी जिन किसानों के खेतों में फसल कटाई हो उन्हें नरवाई न जलाने की समझाइश दें. उन्होंने किसानों को भी साफ चेतावनी देते हुए कहा कि खेतों में नरवाई जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है. बावजूद कोई किसान नरवाई जलाता पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि इसके लिए गांवों में सरपंच एवं सचिवों के साथ मिलकर किसानों को नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूक करें और आग से होने वाले नुकसान के बारे में किसानों को जानकारी दें.

## धर्म ध्वजा महोत्सव में गूंजे जयकारे

**भोपाल, 7 मार्च.** इंद्रविहार कॉलोनी एयरपोर्ट रोड स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ जिनालय में धर्म ध्वजा महोत्सव मनाया गया. इस दौरान भगवान शंखेश्वर पार्श्वनाथ, भगवान आदिनाथ एवं भगवान शांतिनाथ की मूर्तियों का श्रृंगार कर भगवान जिनेंद्र की मूर्तियों का अभिषेक और पूजा अर्चना के साथ अनुष्ठान किए गए, मंदिर समिति के अध्यक्ष आईएल मेहता ने बताया कि आचार्य श्री मुक्ति सागर, सुरीश्वर महाराज एवं आचार्य श्री अचल मुक्ति सागर महाराज के सानिध्य में धर्म ध्वजा की शोभायात्रा निकाली गई. जिसमें भगवान के जयकारे लगाए गए. इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई.


**MADHYA PRADESH JAL NIGAM**
(A Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
8, Arera Hills, Bhopal-462004
Web. : mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail : mpjalnigam@mp.gov.in CIN - U41000MP2012SGC028798
NIT No. 31-32/Proc./MPJNM/2025-26 Bhopal, Dated : 27.02.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Online Lump-sum rate bids for Balance work of Lump-Sum Contract for Engineering, Procurement, Construction, Testing, Commissioning, Trial Run and Operation & Maintenance for 10 Years of following Multi Villages Drinking Water Supply Scheme (MVDWSS) are invited from Registered Contractors/firms fulfilling eligibility criteria as specified in tender document. Basic details of MVDWSS are as follows : -

| NIT No. | Scheme | District | PAC (Rs. Cr.) | EMD (Rs. Lakh) | Cost of Tender Document (Rs.) | Time for Completion (including Rainy Season) (Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | Balance works of Ghategaon Bhitarwar MVS | Gwalior | 272.21 | 50.00 | 50,000 | 24 |
| 32 | Balance works of SADA MVS | Gwalior | 23.15 | 11.58 | 50,000 | 18 |

**Note :** The Probable Amount of Contract (PAC) indicated above is approximate. Interested bidders are advised to refer to the uploaded bid document for the exact PAC.
Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from **09.03.2026, 17:30 Hrs.** Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.
**M.P. Government E-Procurement Portal - https://mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/124830/2026 MANAGING DIRECTOR


